

# बीमारियों से बचाव-रोकथाम के लिए दिलाई शपथ

- अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा'

**हरदा, 25 अप्रैल. जिले में 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया. इस वर्ष की थीम 'मलेरिया समाप्ति के लिए संकल्पित: अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा' के तहत स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरजन्य बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में शपथ दिलाई और बताया कि मलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं. उन्होंने कहा कि जिले में बुखार के मरीजों की नि:शुल्क जांच एवं उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है.



कार्यशाला के दौरान आशा कार्यकर्ताओं को लार्वा सर्वे और फीवर सर्वे के निर्देश दिए गए. साथ ही घर-घर जाकर रैपिड डायग्नोस्टिक किट से मलेरिया जांच अभियान चलाया जा रहा है. जनजागरूकता के लिए नारे लेखन, माइकिंग और पंपलेट वितरण भी किया गया.

डॉ. सिंह ने बताया कि मलेरिया एक संक्रामक रोग है, जो संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है. इसके प्रमुख लक्षणों में कंपकंपी के साथ बुखार, सिरदर्द, उल्टी और कमजोरी शामिल हैं. उन्होंने बताया कि समय पर जांच और उपचार से मलेरिया का इलाज संभव है. बचाव के लिए पानी जमा न होने देना, मच्छरदानी का उपयोग, पूरे कपड़े पहनना और मच्छररोधी उपाय अपनाना जरूरी है.

# पुलिस ने वाहन चालकों को प्रदान किए हेलमेट

**नर्मदापुरम, 25 अप्रैल. प्रदेश में दोपहिया वाहन चालकों की बढ़ती मृत्यु दर को देखते हुए नर्मदापुरम पुलिस द्वारा विशेष हेलमेट अभियान चलाया जा रहा है. यह अभियान पुलिस अधीक्षक साईकृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में 26 अप्रैल से 10 मई तक संचालित होगा.**

अभियान के तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी. साथ ही, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर लाइसेंस निलंबन एवं अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी. दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में लगभग 80% मृतक हेलमेट नहीं पहने हुए थे. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हेलमेट पहनने से मृत्यु का खतरा 42% तक और



गंभीर सिर की चोट का खतरा 69% तक कम हो सकता है.

वर्ष 2025 में पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों से 17 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया. नर्मदापुरम पुलिस नागरिकों से अपील कर रही है कि वे अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हमेशा हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं.

# आमों की बगीचों की नीलामी 57 .90 लाख रुपये में हुई

**पिपरिया, 25 अप्रैल. मटकुली स्थित शासकीय उद्यान में इस वर्ष आम बगीचे की नीलामी ने नया रिकॉर्ड बना दिया है. बगीचे की नीलामी 57 लाख 90 हजार रुपये में हुई, जो अब तक की सबसे अधिक राशि बताई जा रही है.**

उद्यान में आम के साथ नींबू बगीचे की भी नीलामी हुई, जिससे कुल मिलाकर रिकॉर्ड तोड़ राजस्व प्राप्त हुआ. पिछले वर्षों में जहां सर्वाधिक नीलामी लगभग 40 लाख रुपये तक हुई थी, वहीं इस बार यह आंकड़ा काफी आगे निकल गया है.

उद्यान लगभग 85 एकड़ में फैला है, जिसमें दशहरी, केसर, हापुस सहित करीब 40 किस्मों के आम के लगभग 2800 पेड़ लगे हैं. इसके अलावा नींबू के भी हजार से अधिक पेड़ हैं. इस कारण पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग स्थित यह उद्यान प्रदेश में अपनी खास पहचान रखता है. नीलामी प्रक्रिया में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, छिंदवाड़ा सहित कई जिलों के व्यापारी शामिल हुए और सीलबंद निविदा के माध्यम से बोली लगाई गई. अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष आम और नींबू बगीचे से कुल मिलाकर लगभग 72 लाख रुपये से अधिक की आय दर्ज की गई है, जो अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है. अधिकारियों का कहना है कि बेहतर प्रबंधन और गुणवत्ता के कारण मटकुली का फल देश के कई बड़े शहरों तक पहुंचता है, जिससे इसकी मांग लगातार बढ़ रही है.

# किसानों की समस्याओं पर चर्चा

**इटारसी , 25 अप्रैल. भारतीय किसान संघ की जिला बैठक कृषि महाविद्यालय पवारखेड़ा में संपन्न हुई, जिसमें किसानों की वर्तमान समस्याओं और कृषि में नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई.**

बैठक में प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल सहित कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे. विशेषज्ञों ने किसानों को नई तकनीकों और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जानकारी दी. साथ ही जैविक खेती को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़े.

गेंहू परियोजना संचालक डा. केके मिश्रा ने किसानों को एमपी -3382, एमपी -1323, एचआई



-8759, डीबीडब्ल्यू -327 जैसी नई किस्मों के उपयोग की सलाह दी. साथ ही सोयाबीन की जेएस सीरिज की उन्नत किस्मों के बारे में भी जानकारी दी गई, ताकि उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा सके.

जिला अध्यक्ष ओमकार राजपूत ने किसानों की समस्याएं उठाते हुए कहा कि स्लॉट बुकिंग और गेहूं उपार्जन में दिक्कतें आ रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं. उन्होंने उपार्जन व्यवस्था को बेहतर करने और प्रशासनिक निगरानी बढ़ाने की मांग की. प्रांत संगठन मंत्री भरत पटैल ने कहा कि वैज्ञानिक और किसान मिलकर देश की प्रगति का आधार हैं और दोनों के बीच समन्वय आवश्यक है. प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान ने संगठन को राष्ट्रवादी और गैर-राजनीतिक बताते हुए किसानों के हित में कार्य करने की बात कही.

## 65 बोरी संदिग्ध खाद की बोरी तहसीलदार की टीम ने पकड़ी

**पिपरिया, 25 अप्रैल.** जिले में खाद की कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है, जहां तहसीलदार की टीम ने 65 बोरी संदिग्ध खाद पकड़ी और उसे स्टेशन रोड थाने में जमा कराया. सूचना के अनुसार, दो वाहनों आयशर ट्रक (एमपी 09 जीएफ 3519) और पिकअप (एमपी 04 जीबी 5323) में 'जैविक खाद' के नाम पर संदिग्ध बोरियां लाई जा रही थीं. मौके पर जांच के दौरान पाया गया कि बोरियों पर भारद्वाज फर्टिलाइजर इंदौर का लेबल लगा हुआ था.

तहसीलदार वैभव बैरागी के अनुसार, मोबाइल नंबर के आधार पर डिलीवरी की योजना थी, लेकिन कार्रवाई शुरू होते ही संबंधित व्यक्ति ने फोन बंद कर दिया.

# ओटी अटेंडर पर 10 हजार रुपये लेने व अनधिकृत शल्यक्रिया का आरोप

**पिपरिया, 25 अप्रैल. जिलें में स्थित शासकीय अस्पताल में ओटी अटेंडर द्वारा बिना अनुमति शल्यक्रिया करने और 10 हजार रुपये लेने के आरोप सामने आए हैं. इस मामले में संगीता बाई ठाकुर ने बीएमओ और स्टेशन रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है.**

शिकायत के अनुसार, मरीज स्तन में गांठ की समस्या लेकर अस्पताल आई थीं, जहां ओटी अटेंडर बरसातीलाल मांझी ने कथित रूप से बिना डॉक्टर की जानकारी के प्रक्रिया की और पैसे लिए. महिला का कहना है कि घाव पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है और उनसे 10 हजार रुपये लिए गए. मामले में बीएमओ ऋचा कटकवार ने बताया कि शिकायत के आधार पर रिपोर्ट बनाकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम स्वास्थ्य विभाग को भेजी गई है. इसमें पहले की एक समान शिकायत का भी उल्लेख है, जिसमें इसी कर्मचारी पर बिना अनुमति शल्यक्रिया करने का आरोप लगा था और कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था.

वहीं ओटी अटेंडर बरसातीलाल मांझी ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि उन्होंने केवल पट्टी की थी और कोई पैसा नहीं लिया. उन्होंने दावा किया कि उन पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं. फिलहाल मामले की जांच जारी है और विभागीय स्तर पर आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है.

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का समापन

**नर्मदापुरम,25 अप्रैल.** जिले के केसला परियोजना अंतर्गत नारी शक्ति वंदन पखवाड़े का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का आयोजन संभागीय संयुक्त संचालक तृप्ति त्रिपाठी और जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डेहरिया के निर्देशन में तथा परियोजना अधिकारी योगेश घाघरे के मार्गदर्शन में किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण और उनकी सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देना रहा. इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायत स्तर पर रैलियां व सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और नई आरक्षण नीति की जानकारी दी गई.

# डंपर की टक्कर से युवक की मौत

- मुआवजे की मांग पर ग्रामीणों का चक्काजाम

**नर्मदापुरम, 25 अप्रैल. जिले के मोहासा औद्योगिक क्षेत्र में डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत के बाद भारी आक्रोश फैल गया. मृतक प्रीतम अहिरवार (मडावन गांव निवासी) ड्यूटी से लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.**

घटना शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई, जब वे एक निर्माणाधीन प्लांट में सिविल वर्क का काम कर लौट रहे थे. टक्कर इतनी भीषण थी कि सिर में गंभीर चोट लगने से उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया.

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने मुख्य गेट पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया और मुआवजे व परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की. इससे क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं.

सूचना पर माखननगर थाना पुलिस और बाद में एसडीएम जय सोलंकी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी. करीब आधी रात के बाद स्थिति नियंत्रित हुई और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय तक तनाव का माहौल बना रहा, जबकि पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

## कांग्रेस ने कलेक्टर सौपा ज्ञापन

**पिपरिया, 25 अप्रैल.** जिले में कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा. यह ज्ञापन समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी केंद्रों, वेयरहाउस और कृषि व्यवस्थाओं में आ रही अनियमितताओं के विरोध में दिया गया. कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि इस समय भीषण गर्मी में किसान खरीदी केंद्रों पर परेशान हो रहे हैं. स्लॉट बुकिंग नहीं होने, सर्वेयरों की मनमानी और बारदाना उपलब्ध न होने से किसानों की उपज समय पर नहीं बिक पा रही है. इसके कारण खेतों और घरों में रखी फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है.

# कलेक्टर ने दिए निर्देश निर्धारित समय में करें कार्य

- किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं,
- अब हर सप्ताह होंगी काम कि मॉनिटरिंग

**नर्मदापुरम, 25 अप्रैल. 20 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी नर्मदा लोक परियोजना को लेकर चल रहा विवाद अब शांत होता दिख रहा है. निर्माण कार्य की धीमी गति और नगर पालिका-ठेकेदार के बीच तनाव के बाद कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने सख्त रुख अपनाते हुए ठेकेदार को समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं.**

रेवा सभा कक्ष में हुई समीक्षा



बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि परियोजना में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. उन्होंने निर्माण एजेंसी को विस्तृत वर्क शेड्यूल तैयार करने और कार्यों को साप्ताहिक लक्ष्यों में बांटकर तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए.

कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा. साथ ही स्थानीय स्तर पर एक मैनेजर नियुक्त करने और श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए गए. उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर की महत्वपूर्ण योजना है, इसलिए गुणवत्ता और तकनीकी मानकों से कोई समझौता नहीं होगा. साथ ही श्रमिकों की सुरक्षा, स्वच्छ पानी, दवाइयों और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश भी दिए गए. बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, संयुक्त कलेक्टर और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे. कलेक्टर ने साफ किया कि समयसीमा का पालन नहीं करने पर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी.

# 8 केंद्रों पर 2557 अभ्यर्थी होंगे शामिल

- सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक
- परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय जांच

**नर्मदापुरम, 25 अप्रैल. जिले में राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 का आयोजन 26 अप्रैल 2026 को किया जाएगा. परीक्षा दो सत्रों में होगी- सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर 2:15 से 4:15 बजे तक. जिले के 8 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2557 अभ्यर्थी शामिल होंगे.**

परीक्षा केंद्रों में शासकीय ज्ञानोदय स्कूल, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेराती, एसपीएम स्कूल हरदा रोड, इतवारा बाजार स्कूल, एसएनजी स्कूल, गृह विज्ञान संग्रहालय और नर्मदा महाविद्यालय शामिल हैं.

परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय जांच व्यवस्था लागू की गई है. इसमें बायोमेट्रिक सत्यापन, प्रवेश पत्र स्कैनिंग और हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच शामिल है. सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से 90 मिनट पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा.

पुरुषों की जांच पुरुष और महिलाओं की जांच महिला वीक्षकों द्वारा की जाएगी. परीक्षा केंद्र में केवल ई-प्रवेश पत्र, पहचान पत्र, बॉलपेन और पारदर्शी पानी की बोतल ले जाने की अनुमति होगी. अन्य सभी वस्तुएं प्रतिबंधित रहेंगी.

# जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 2 मई को विशाल रैली होगी

**सिवनी मालवा, 25 अप्रैल.** क्षेत्र के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बड़ा आंदोलन करने की रणनीति बना ली है. इसी उद्देश्य से बानापुरा स्थित कृषि उपज मंडी में सैकड़ों किसानों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई. किसानों ने एकजुट होकर स्पष्ट कहा कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस समाधान चाहिए.

बैठक में गेहूं खरीदी केंद्रों पर अव्यवस्था प्रमुख मुद्दा रही. किसानों ने बताया कि तौल में देरी, भुगतान में विलंब और लंबी कतारों के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. इसके अलावा आगामी मूंग खरीदी को लेकर भी चिंता जताई गई. किसानों का कहना है कि समय पर उचित व्यवस्था नहीं होने पर उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा.

# हज यात्रियों को भावपूर्ण विदाई

**इटारसी, 25 अप्रैल. रेलवे स्टेशन पर हज यात्रा पर रवाना हो रहे यात्रियों को मुस्लिम विकास परिषद द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और पूरा माहौल भावनात्मक हो गया.**

हज यात्रियों का परिषद के सदस्यों ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मानपूर्वक विदा किया. परिजनों और समाजजनों ने उन्हें सुरक्षित और सफल यात्रा



की शुभकामनाएं दीं तथा उनके लिए दुआएं की गईं. इस मौके पर मुस्लिम विकास परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि हज इस्लाम का एक महत्वपूर्ण धार्मिक कर्तव्य है, जो आध्यात्मिक रूप से जीवन में विशेष महत्व रखता है. कार्यक्रम ने समाज में भाईचारे, एकता और सौहार्द का संदेश दिया. हज यात्रा पर जा रहे श्रद्धालुओं के लिए यह पल बेहद भावुक रहा और स्टेशन पर विदाई के दौरान श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा.

**पत्रकार वार्ता** — नमिता अग्रवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा हमला बोला

# महिला सशक्तिकरण की हमेशा बाधक रही कांग्रेस

**हरदा, 25 अप्रैल . जिले में भाजपा जिला कार्यालय 'कमल कुंज' पर आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नमिता अग्रवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कांग्रेस और विपक्ष पर तीखा हमला बोला.**

न्होंने कहा कि महिलाओं के 33 प्रतिशत आरक्षण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उठाया गया कदम ऐतिहासिक है, जिससे 2029 तक महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी.



नमिता अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने इस बिल का विरोध कर इसे बाधित करने का प्रयास किया, जिसे उन्होंने 'महिला सशक्तिकरण की राह में बाधा' बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती है और उन्हें नेतृत्व में भागीदारी के लिए प्रेरित करती है. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे. कार्यक्रम के बाद महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सड़क पर प्रदर्शन भी किया और अपने समर्थन में नारेबाजी की.

# महिला जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**हरदा , 25 अप्रैल. जिलें में वन स्टॉप सेंटर द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 पर महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं.**

कार्यक्रम में केस वर्कर रितु राजपूत ने बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन और राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी. साथ ही महिलाओं को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने के लिए 'हब फॉर एंपावरमेंट' की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला



गया. वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध सेवाओं जैसे परामर्श, विधिक सहायता, चिकित्सा, पुलिस सहायता और आश्रय सुविधा के बारे में भी बताया गया. इसके अलावा हेल्पलाइन नंबर 181, 1098, 1930, 112 और 15100 की जानकारी देकर आपात स्थिति में सहायता लेने के तरीके समझाए गए. कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, पर्यवेक्षक भारती भल्लावी और विधिक सेवा प्राधिकरण की पीएलवी शैफाली घावरी सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा. कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं में जागरूकता बढ़ाकर उन्हें सुरक्षित और सशक्त बनाना रहा.

## जेल लोक अदालत का आयोजन 26 अप्रैल को



**हरदा.** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा, श्री अरविंद रघुवंशी के मार्गदर्शन में 26 अप्रैल को जिला जेल, हरदा में जेल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा. जेल लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है, ताकि उन्हें शीघ्र न्याय मिल सके.